तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

सत्यनारायण जोशी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)

सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353853747289211

25/07/25

अपीलार्थी सत्यनारायण जोशी निवासी ब्राह्मणों का बास भोजसर, तहसील फलोदी ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 11.04.2025 को मथुरादास माथुर (MDM) जोधपुर में टेंडर प्रक्रिया में हुए भ्रष्टाचार से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 743 दिनांक 21.07.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना मथुरादास माथुर चिकित्सालय जोधपुर से संबंधित होने के फलस्वरूप प्रार्थी का आवेदन सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत पत्र दिनांक 17.04.2025 द्वारा अंतरित किया, जिसकी प्रति प्रार्थी को भी पृष्ठाकिंत की। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.07.25 16:35:29 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
16791073